दिनांक–15.07.2024 को अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा द्वारा पथ प्रण्मडल, मधुबनी अंतर्गत कराये जा रहे

योजनाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन

उपस्थिति :–

1. श्री कुमार अभिषेक :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
2. श्री रामचन्द्र पासवान :– सहायक अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा
3. श्री राणा ब्रजेश :– सहायक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
4. श्री शत्रुधन कुमार मिश्रा :– सहायक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
5. श्री मनोज कुमार :– कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
6. श्री अमरनाथ कुमार भारती :– कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
7. श्री विनोद कुमार :– कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी
8. श्री भानु प्रताप सिंह :– संवेदक प्रतिनिधि (M/S Balwant Construction Pvt. Ltd.)

(1) **पंडौल हाई स्कूल से रामपट्टी चौक पथ** :– इस पथ की कुल लम्बाई 13.06 कि०मी० है। इसे Single Lane से Double Lane में SBD एकरारनामा के तहत् चौड़ा किया जा रहा है। इसके संवेदक बलवंत कस्ट्रक्शन प्रा०लि० हैं। कार्य के प्रारंभ की तिथि–30.06.2023 एवं कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–29.06.2025 है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूरे पथ का निरीक्षण किया गया। पथ में BC-8.50 Km/9.31 Km, CCP-3.60 Km/3.691 Km किया हुआ पाया गया। Box Culvert-10 Nos./12 Nos. एवं HL Bridge का Super Structure का कार्य प्रगति में पाया गया।

पथ के निरीक्षण के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निदेश दिये गये–

(i) पथ के 2रे कि०मी० में करीब 150 मी० की लम्बाई में Carriage way के बगल में कच्चा नाला का निर्माण पाया गया, जो पथ क्रस्ट को क्षतिग्रस्त कर सकता है। वहाँ पर ROW का मापी कराकर कच्चा नाला को भरने एवं मिट्टी को Compaction करने का निदेश दिया गया तथा ROW के अंतिम छोड़ पर ही कच्चा नाला का निर्माण हेतु निदेश दिया गया।

(ii) संवेदक के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि E/W हेतु मिट्टी 3 कि०मी० से अधिक दूरी से लाया जा रहा है। इसके सत्यापन के क्रम में पथ के मध्य भाग बटलोहिया चौक (7वें कि०मी०) से पैटघाट पथ होते हुए 3 कि०मी० की दूरी पर Borrow Pits देखा गया। शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(2) **बेनीपट्टी–उमगाँव पथ** :– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह पथ वर्ष 2018–19 में ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, बेनीपट्टी से पथ प्रमण्डल, मधुबनी को हस्तानान्तरित हो कर आया है। पथ के Intermediate Lane में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य नाबार्ड योजना से पथ प्रमण्डल, मधुबनी द्वारा कराया जा चुका है, जिसका DLP दिनांक–01.12.2023 को समाप्त हो चुका है। वर्त्तमान में यह OPRMC Phase-II में सम्मिलित नहीं है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इस पथ के 7वें कि०मी० में तिसियाही गाँव के खनुआ टोल के निकट अवस्थित पुल का Girder क्षतिग्रस्त हुआ है। उक्त पुल का निरीक्षण किया गया। यह पुल 3x15M का 8.50M Carriage way वाला पुल है। इसके मध्य Span के दो Girder में Honeycomb पाया गया। Honeycomb वाले स्थान पर Girder में Sag एवं Vertical crack पाया गया। पुल के दोनों किनारे लोहे की बैरिकेटिंग लगाकर यातायात को बन्द किया हुआ पाया गया। पुल के निर्माण के वक्त का Diversion का अवशेष देखा गया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि यह पुल RWD के द्वारा ही पूर्व से निर्मित है।

%c

कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि–

(i) पुल पर वाहनों का यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाय।

(ii) Diversion की आपात मरम्मति FDR मद अन्तर्गत कराकर यातायात को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जाय।

(iii) क्षतिग्रस्त Span के Girder एवं Deck Slab को तोड़कर पुनः निर्माण हेतु प्रस्ताव समर्पित किया जाय।

(हस्ताक्षर) 16.07.24

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल दरभंगा

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक : 1349 /दरभंगा, दिनांक : 16-7-2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधुबनी को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से संबंधित को निदेशित करने हेतु प्रेषित।

16.07.24

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 1349 /दरभंगा, दिनांक : 16-7-2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

16.07.24

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 1349 /दरभंगा, दिनांक : 16-7-2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

16.07.24

अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

16.7.24

Scanned with CamScanner